परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई के साथ प्रश्नोत्तर

क्रम संख्या	प्रश्न	उत्तर
1.	मैं दसवीं का छात्र हूं। साइंस विषय की मेरी तैयारी लगभग पूरी है। मुझे कुछ टिप्स दीजिए ताकि मैं परीक्षा के लिए शेष समय में तैयारी करके अच्छे अंक प्राप्त कर सकूं?	सीबीएसई ने वर्ष 2025 की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के लिए डेट-शीट परीक्षाओं के आरंभ होने से लगभग तीन माह पूर्व घोषित की है। विचार यही था कि सभी विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी के लिए एक समय-सारणी बनाकर परीक्षाओं की तैयारी करें। आपने विज्ञान विषय की परीक्षा की तैयारी लगभग पूर्ण कर ली होगी। परीक्षा से पूर्व यह आवश्यक है कि: • बोर्ड द्वारा जारी सैम्पल प्रश्न-पत्र को एक बार देख कर यह योजना बना लें कि परीक्षा मे किस प्रश्न को कितना समय देंगे, और अपने लिए तीन घंटों की एक Mock परीक्षा आयोजित करें। • अपनी योजना अनुसार उक्त प्रश्नों का उत्तर दें और जहाँ कमी लगे उसे दूर करने का प्रयास करें। • आप हमेशा अपनी तैयारी पर और अपने आप पर यह विश्वास रखें कि आपकी तैयारी और परीक्षा मे ध्यान केंद्रित करके दिए गए उत्तर अवश्य ही उत्तम अंक प्राप्त करने मे सहायक होंगे।
2.	मैं बारहवीं की छात्रा हूं। मेरे पास गणित के साथ मनोविज्ञान विषय भी है, दोनों विषयों की पढ़ाई में तालमेल कैसे बैठाया जा सकता है?	इस वर्ष कक्षा 12 के गणित विषय की परीक्षा 8 मार्च को व मनोविज्ञान विषय की परीक्षा 4 अप्रैल को निर्धारित है। दोनो परीक्षाओं के मध्य लगभग 25 दिन का अंतराल है। उत्तम होगा यदि आप गणित विषय की तैयारी पहले करें व मनोविज्ञान की तैयारी बाद में करें। आशा की जाती है कि आप परीक्षा-सारणी जारी होने के बाद से अब तक अपनी तैयारी पूर्ण कर चुके होंगे और बाकी समय में आप निरंतर Mock परीक्षा देकर अपनी तैयारी को और मजबूत कर सकते हैं।

3.	मैं बारहवीं की छात्रा हूं। फिजिक्स और केमिस्ट्री के प्रश्न-पत्र हल करने के लिए कुछ टिप्स चाहिए।	किसी भी प्रश्न पत्र को हल करने के लिए यह आवश्यक है कि आप प्रश्न को अच्छी तरह से समझें। यह देखें कि प्रश्न कितने अंकों का है और तदनुसार प्रश्न का उत्तर लिखें। लगभग जितने अंकों का प्रश्न होता है, उसके उत्तर मे उतने ही मूल्य बिन्दु (Value Point) होते हैं। यह मूल्य बिन्दु (Value Point) इस प्रश्न के उत्तर के लिए आवश्यक होते है जिस पर अंक दिए जाते हैं।
4.	मैं बारहवीं का छात्र हूं। एक से दो बार अभ्यास कर चुका हूं, लेकिन जब कभी दोबारा अभ्यास करने बैठता हूं तो सब भूल जाता हूं। ऐसा क्या करूँ कि मेरे साथ परीक्षा के दौरान ऐसा ना हो।	परीक्षा में लगभग सभी विद्यार्थियों के साथ ऐसा होता है, आप इससे परेशान न हों। अपने आप पर और परीक्षा की अपनी तैयारियों पर पूर्ण विश्वास रखें। आवश्यक है कि आप लिख कर पुनः अभ्यास करें व एक उत्तम समय-सारणी तैयार करें जिसमें पढ़ने, मनोरंजन, व्यायाम इत्यादि का समय भी निर्धारित हो। उक्त के अनुपालन से आपको अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।
5.	मेरे स्कूल परीक्षाओं में 50-80 फीसदी तक अंक आते हैं। फाइनल परीक्षाओं को लेकर एक डर बना हुआ है। बार-बार लगता है कि मैं प्रश्न-पत्र हल नहीं कर पाऊंगा। डर को काबू करने के लिए क्या करूं?	परीक्षा में लगभग सभी विद्यार्थियों के साथ ऐसा होता है, आप इससे परेशान न हों। आवश्यक है कि आप उत्तर लिख कर पुनः अभ्यास करें एवं एक उत्तम समय-सारणी बनाएं जिसमें पढ़ने, मनोरंजन, व्यायाम इत्यादि का समय भी निर्धारित हो। उक्त के अनुपालन से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। डरे नहीं। अपने आप पर और परीक्षा की अपनी तैयारियों पर पूर्ण विश्वास रखें।